भारत सरकार

इस्पात मंत्रालय

राज्य सभा

तारांकित प्रश्न संख्या *173

10 मार्च, 2021 को उत्तर के लिए

बोकारो स्टील लिमिटेड के अधीन भूमि का उपयोग

173. श्री महेश पोद्दार:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) बोकारो स्टील लिमिटेड (बीएसएल) के अधीन कुल कितनी भूमि है, इसके कितने क्षेत्रफल में संरचनाएं निर्मित हैं तथा गतिविधियाँ संचालित हैं और इसकी कितनी जमीन खाली पड़ी है, जिसे अन्य गतिविधियों के लिए प्रयोग में लाया जा सकता है;

(ख) बीएसएल टाउनशिप में कितने आवास बने हुए हैं, इनमें से कितने आवासों का उपयोग स्वयं बीएसएल द्वारा किया जा रहा है, कितने आवास राज्य सरकार को दिए गए हैं, कितने दीर्घकालिक लीज़ पर दिए गए हैं और कितने खाली हैं; और

(ग) क्या सरकार बीएसएल के खाली पड़े (उपयोग में नहीं) भूखंडों अथवा आवासों के व्यापक उपयोग के लिए कोई कदम उठाएगी, यदि हाँ, तो कब तक?

उत्तर

इस्पात मंत्री **(श्री धर्मेंद्र प्रधान)**

(क) से (ग): एक विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है।

****

बोकारो स्टील लिमिटेड के अधीन भूमि के उपयोग के संबंध में श्री महेश पोद्दार, संसद सदस्य द्वारा दिनांक 10 मार्च, 2021 को पूछे जाने वाले राज्य सभा तारांकित प्रश्न संख्या *173 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित विवरण

(क): बोकारो इस्पात संयंत्र के पास कुल 28,744.260 एकड़ भूमि है। संयंत्र, इसके कार्यालय, टाउनशिप तथा अन्य संबद्ध साधन व सहायक सुविधाएं 17,751.275 एकड़ भूमि पर निर्मित/विकसित की गई हैं।

(ख): (i) बीएसएल टाउनशिप में निर्मित कुल क्वार्टर्स की संख्या - 37382

(ii) बीएसएल कर्मचारियों को आवंटित कुल घरों की संख्या - 11774

(iii) राज्य सरकार को आवंटित कुल घरों की संख्या - 1017

(iv) दीर्घावधि पट्टों पर दिए गए घरों की संख्या - 4773

(v) खाली घरों की संख्या - 4590

(ग): खाली घरों का समय-समय पर आवश्यकता के अनुसार लाइसेंस योजना के अंतर्गत आवंटन के माध्यम से उपयोग किया जाता है। शेष 10992.985 एकड़ भूमि, सेल विज़न-2030 के तहत संयंत्र एवं इसके सहायक प्रतिष्ठानों के आधुनिकीकरण व विस्तारीकरण (एम एंड ई) तथा टाउनशिप सुविधाओं आदि से संबंधित परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए निर्धारित की गई हैं।

****